07239

# हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए. हिन्दी)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2013

## एम.एच.डी. - 7 : भाषा-विज्ञान और हिन्दी भाषा

*समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 50*

**नोट :** *निम्नलिखित में से कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिये। खंड '**क**' में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के तथा खंड '**ख**' के **दोनों** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

### खण्ड - क

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1. संचार साधनों के संदर्भ में सूचना समाज की अवधारणा स्पष्ट कीजिये। 10

2. हिन्दी के सन्दर्भ में भाषा वैविध्य की संकल्पना की विवेचना कीजिए। 10

3. हिन्दी स्वनिम से आप क्या समझते हैं? हिन्दी की स्वनिमिक व्यवस्था की प्रमुख समस्याओं की चर्चा कीजिये। 10

4. वाक्य किसे कहते हैं? वाक्य विश्लेषण के स्तरों की व्याख्या कीजिये। 10

5. अनुवाद के विभिन्न प्रकारों की चर्चा करते हुये शब्दानुवाद, भावानुवाद तथा छायानुवाद के अंतर को स्पष्ट कीजिये। 10

6. अर्थ संरचना से आप क्या समझते हैं? अर्थ संरचना के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डालिए। 10

7. भाषा शिक्षण किसे कहते हैं? यह बताइये कि उसकी अधुनातन भूमिका हमारे जीवन में क्या है? 10

## खण्ड - ख

8. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** पर टिप्पणी लिखिये। 5x2=10

   (a) संचार और सम्प्रेषण का अन्त: सम्बन्ध

   (b) अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी

   (c) कोश बनाने से पूर्व की तैयारी

   (d) अर्थ ग्रहण की प्रक्रिया

   (e) भाषा और भाषा बोध

9. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** को सोदाहरण स्पष्ट कीजिये। 5x2=10

   (a) विकारी और अविकारी शब्द

   (b) खण्डेतर ध्वनियाँ

   (c) बहुसंचार सामग्री

   (d) कोड अन्तरण एवं मिश्रण

   (e) वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली

---